म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड

26, किसान भवन, जेल रोड भोपाल

क्रमांक/बोर्ड कार्मिक/ग/179 पार्ट/1557 भोपाल, दिनांक 17/05/2023

आदेश

म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के आदेश क्रमांक/बोर्ड कार्मिक/ख/179 पार्ट/3372-73 दिनांक 31.12.2019 द्वारा मंडी समिति सेवा के नियमित उपयंत्रियों को राज्य मंडी बोर्ड सेवा के गठन के अव्यवहित पूर्व राज्य विपणन सेवा के सदस्यों को राज्य मंडी बोर्ड सेवा के सदस्य के रूप में आमेलित मानते हुए उन्हे राज्य मंडी बोर्ड सेवा के उपयंत्री संवर्ग में उनकी नियुक्ति/नियमितीकरण दिनांक से शामिल किये जाने का आदेश प्रसारित किया गया है।

प्रकरण में विधिक अभिमत प्राप्त किया गया। विधिक अभिमत अनुसार मंडी बोर्ड के संचालक मंडल के समक्ष न तो यह विषय कभी प्रस्तुत हुआ और न कभी बोर्ड द्वारा कोई संकल्प ही पारित किया गया है। कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 26 अन्तर्गत इस तरह कृषि उपज मंडी समिति के उपयंत्रियों के आमेलन के संबंध में कोई उपबंध नहीं है तथा आदेश दिनांक 31.12.2019 म.प्र. कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के प्रावधानो के अन्तर्गत नहीं है।

उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए इस कार्यालय के आदेश क्रमांक/बोर्ड कार्मिक/ख/179 पार्ट/3372-73 दिनांक 31.12.2019 एतद द्वारा निरस्त किया जाता है।

इस आदेश को आधार बनाकर यदि कोई कार्यवाही किसी स्तर पर की गई हो तो उसे भी आरंभत: शून्य माना जाएगा।

(गौतम सिंह)
प्रबंध संचालक,
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

क्रमांक/बोर्ड कार्मिक/ग/179 पार्ट/1558 भोपाल, दिनांक 17/05/2023

प्रतिलिपि:- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. विशेष सहायक माननीय अध्यक्ष, मंडी बोर्ड, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, भोपाल।
3. निज सहायक प्रबंध संचालक, मंडी बोर्ड, भोपाल।
4. अपर संचालक कार्मिक/वित्त मंडी बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।

5. प्रमुख अभियंता/संयुक्त संचालक/अधीक्षण यंत्री, मंडी बोर्ड मुख्यालय भोपाल।
6. संयुक्त संचालक/उप संचालक/कार्यपालन यंत्री, मंडी बोर्ड ऑचलिक कार्यालय समस्त।
7. लेखाधिकारी, लेखा, पेंशन, अंकेक्षण, मंडी बोर्ड, भोपाल।
8. सचिव, कृषि उपज मंडी समिति .... म.प्र.।
9. श्री .... उपयंत्री, मंडी बोर्ड मुख्यालय/ऑचलिक कार्यालय समस्त/मंडी समिति ..../तकनीकी कार्यालय समस्त।
10. आदेश नस्ती/सेवा पुस्तक/लेखा शाखा/निर्माण शाखा/कम्प्यूटर शाखा/सी.आर./सामान्य भविष्य निधि शाखा/पेंशन शाखा/अंकेक्षण शाखा/जी.पी.एफ.शाखा/व्यक्तिगत नस्ती।

प्रबंध संचालक,
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल